# समाहरणालय, रोहतास (सासाराम)

(जिला पंचायत कार्यालय)

पत्रांक 819 / पं०

प्रेषक,

उदिता सिंह (भा०प्र०से०)
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पं०),
–सह–जिला पदाधिकारी,
रोहतास सासाराम।

सेवा में,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार पटना।

सासाराम, दिनांक 27/03/2025

**विषयः–** **प्रखण्ड डिहरी के ग्राम कचहरी, दहाउर के उप सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के उपरान्त रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांक–906, दिनांक–26.03.2025।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि में इस कार्यालय के पत्रांक–770, दिनांक–18.03.2024 से राज्य निर्वाचन आयोग को ग्राम कचहरी, दहाउर के उप सरपंच के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के उपरान्त रिक्त पद पर निर्वाचन कराये जाने हेतु तिथि निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। जिसके आलोक में समीक्षोपरान्त आपके द्वारा ग्राम कचहरी हेतु पदस्थापित ग्राम कचहरी सचिव एवं न्याय सचिव का पद एक ही हैं अथवा दोनो पृथक–पृथक पद है, से संबंधित स्पष्ट प्रतिवेदन की मॉग की गई।

तदालोक में इस कार्यालय के पत्रांक–803, दिनांक–27.03.2025 से वांछित प्रतिवेदन की मॉग निर्वाची पदाधिकारी–सह–प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डिहरी से की गई। जिसके उपरान्त उनके द्वारा अपने पत्रांक–445, दिनांक– 27.03.2025 से प्रतिवेदित किया गया है कि न्याय सचिव एवं ग्राम कचहरी के सचिव का पद दोनो एक ही है। (छायाप्रति संलग्न)

**अनुलग्नकः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

27-3-25

जिला निर्वाचन पदाधिकारी(पं०),
–सह–जिला पदाधिकारी,
रोहतास सासाराम।



Scanned with CamScanner

# कार्यालय :– प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डिहरी (रोहतास)।

पत्रांक :– 445
दिनांक :– 27-03-25

मोबाईल नं० :– 9031071851
ई–मेल :– bdo.dih-ro-bih@nic.in

प्रेषक,

निर्वाची पदाधिकारी–सह–
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
डिहरी।

सेवा में,

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
रोहतास (सासाराम)

विषय :– ग्राम कचहरी सचिव के स्थान पर भूलवश से न्याय सचिव अंकित होने के संबंध में।

प्रसंग :– भवदीय का पत्रांक 803/पं० दिनांक 27.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सादर सूचित करना है कि प्रखण्ड डिहरी अन्तर्गत ग्राम पंचायत दहाउर के ग्राम कचहरी उप–सरपंच का अविश्वास प्रस्ताव हेतु प्राप्त सूचना में कचहरी सचिव के स्थान पर न्याय सचिव अंकित होने के संबंध में संबंधित कचहरी सचिव द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि दहाउर पंचायत अन्तर्गत ग्राम कचहरी उप–सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हेतु दिये गये सूचना में भूलवश से ग्राम कचहरी सचिव के स्थान पर न्याय सचिव लिखा गया है। जिनके द्वारा खेद व्यक्त की गई है। साथ ही न्याय सचिव के स्थान पर ग्राम कचहरी सचिव मान्य करने के लिए अनुरोध किया गया हैं। कचहरी सचिव का प्राप्त प्रतिवेदन इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि दहाउर पंचायत अन्तर्गत लगाये गये अविश्वास प्रस्ताव से संबंधित प्राप्त सूचना में न्याय सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव का पद एक ही है।

सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नक :– ग्राम कचहरी सचिव द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की छायाप्रति।

विश्वासभाजन
27/03/25
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
डिहरी।
27-3-25

Scanned with CamScanner

सेवा में -

प्रखंड विकास पदाधिकारी

डिहरी -

विषय :- ग्राम कचहरी के जगह पर भूलवश में ग्राम सचिव हो जाने के संबंध में,

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में नम्र निवेदन के साथ कहना है कि मैं पुष्पा कुमारी, ग्राम पंचायत दहाउर में ग्राम कचहरी सचिव के पद पे कार्यरत हूँ। महोदय से कहना है कि ग्राम कचहरी दहाउर के उप सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हेतु दिये गये सूचना पे ग्राम कचहरी सचिव के जगह पे भूलवश से ग्राम सचिव लिखा गया है। जिसके लिए मैं श्रीमान से क्षमा प्रार्थी हूँ।

अतः महोदय से अनुरोध है, कि मैं ही ग्राम कचहरी सचिव हूँ। इसलिए ग्राम सचिव के स्थान पे ग्राम कचहरी सचिव मान्य करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ग्राम कचहरी सचिव -
पुष्पा कुमारी
पंचायत - दहाउर
27/03/2025

Scanned with CamScanner